# नीमच बना साक्षी शांतिदूत दादी रतनमोहिनी के आगमन का






दादी के आगमन पर `ईश्वरीय प्रज्ञा द्वारा विश्व परिवर्तन' कार्यक्रम में विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय निदेशक ब्र.कु. सुरेन्द्र। मंचासीन हैं ब्र.कु. मृत्युंजय, दादी रतनमोहिनी तथा शहर के प्रबुद्धजन।

**नीमच।** अंतर्राष्ट्रीय ब्रह्माकुमारी संस्थान की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का काफिला नीमच से चलकर मल्हारगढ़ पहुंचा तो नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश प्रजापति , सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन मदनलाल राठौर के नेतृत्व में सैंकड़ों नगरवासियों एवं अनेक गणमान्य नागरिकों जिनमें मण्डी अध्यक्ष सुरेश रूपरा, पूर्व न.पंचायत अध्यक्ष राजेश दीक्षित, सी.एम.ओ. अशोक पाटीदार आदि ने भव्य शोभायात्रा निकाल कर दादी जी, ब्र.कु. मृत्युंजय, ब्र.कु. जमुना प्रसाद, नीमच एरिया के डायरेक्टर ब्र.कु. सुरेन्द्र तथा ब्र.कु. सविता सहित काफिले में उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान दादी जी की सुनहरी बग्गी के चालक के रूप में ब्र.कु. सुरेन्द्र ने रथ की बागडोर सम्भाली।

यह विशाल काफिला जब महावीर गंज में ब्रह्माकुमारीज़ के नवनिर्मित भवन `शिव संगम' पर पहुंचा तो वहाँ उपस्थित सैंकड़ों ब्रह्मावत्सों ने अभूतपूर्व उमंग उल्लास एवं जोश के साथ इस काफिले का भव्य स्वागत किया। शिव संगम भवन पर नीमच मंदसौर के सांसद सुधीर गुप्ता ने दादीजी का अभिवादन एवं स्वागत किया। तत्पश्चात् फीता काटकर नवनिर्मित




नवनिर्मित भवन `शिव संगम' का उद्घाटन करते हुए दादी रतनमोहिनी।

`शिव संगम' भवन का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात् पिपलिया मण्डी के विशाल जीण मैदान में `ईश्वरीय प्रज्ञा द्वारा विश्व परिवर्तन महोत्सव' के विशाल पंडाल में दादीजी का प्रवेश हुआ जहाँ दादीजी का अभिवादन एवं भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध गायक शांतिलाल गोयल एवं फिल्म बिल्लू बारबर फेम अभिनेता धर्मेन्द्र पाटीदार द्वारा `खुशियों का पैगाम... गीतों भरी एक शाम...' का गीत संगीत एवं नृत्य नाटिका का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर दादी का स्वागत अन्य गणमान्य जनों नीमच के संतोष चोपड़ा, ब्र.कु. सुरेन्द्र, ब्र.कु. वर्षा, पत्रकार रमेश तेलकार, कमलेश जैन, जगदीश पंडित आदि ने दादी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया व आशीर्वाद प्राप्त किया।

## ब्रह्माकुमारीज़ -उत्कर्ष समर कैम्प का आयोजन



उत्कर्ष समर कैम्प का उद्घाटन करते हुए आर.के. गोयल,शिक्षा अधिकारी, ब्र.कु. आशा व अन्य।

**ब्रह्माकुमारीज़ भिलाई में उत्कर्ष समर कैम्प – 16 में हुए हज़ारों बच्चे शामिल।**
**विश्व का परिवर्तन बच्चों से ही संभव – ब्र.कु. तारिका।**

**भिलाई।** निम्नवत बातें बच्चों को इस समर कैम्प में सिखाई गईं -1. दस दिनों तक चलने वाले इस कैम्प में बच्चों को राजयोग मेडिटेशन, उसकी विशेषता और अपने व्यवहार के बारे में बताया गया। 2. मुख्य अतिथि आर.के. गोयल, शिक्षा अधिकारी,भिलाई इस्पात संयत्र ने कहा कि सत्य ज्ञान की कमी बुराइयों को जन्म देती है। जीवन में लक्ष्य का होना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि यहाँ की पॉज़ीटिव एनर्जी और मेडिटेशन बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा पैदा करेगी। 3. सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. आशा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ के संस्थापक ब्रह्माबाबा ने छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा ही इतने बड़े कार्य की नींव रखी। 4. जब हम बदल जायेंगे तो हमें शिक्षक, माता-पिता तथा देश की दुआएं मिलेंगी। 5.हम सभी की विशेषताओं को ही देखना है। साथ ही साथ बच्चों को गीतों के माध्यम से एक्सरसाइज़ व योग कराया गया।



## राजयोग से निखरते हैं जीवन मूल्य: श्वेता

**ज्ञानसरोवर।** जीवन मूल्यों में निखार लाने के लिए सहज राजयोग का अभ्यास संजीवनी बूटी की तरह कार्य करता है। शारीरिक स्वास्थ्य की तंदुरुस्ती को बनाए रखने से पूर्व मानसिक तंदुरुस्ती के उपाय करने चाहिए। जिसके लिए ब्रह्माकुमारी संगठन द्वारा सिखाया जाने वाला राजयोग अचूक औषधि है। उक्त विचार फिज़िकल फिटनेस मिस वर्ल्ड श्वेता राठौड़ ने ज्ञानसरोवर परिसर में आयोजित खेल सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि आधुनिकता की चकाचौंध के युग में तनाव से मुक्ति प्राप्त करने के लिए युवाओं व महिलाओं को ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से सिखाए जा रहे राजयोग का नियमित अभ्यास करना चाहिए। मेडिटेशन के ज़रिए मानसिक धरातल को मज़बूत बाबाना चाहिए। भारतीय कुश्ती टीम के कोच रशिया के व्लादिमर इशविली ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अनेकता को एकता में बांधकर रखने की ताकत है। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के समय मानसिक एकाग्रता बनाए रखने के लिए राजयोग का अभ्यास मील का पत्थर साबित होता है। लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर कनकसिंह परमार,गांधीनगर ने कहा कि जीवन में ज्ञान, खेल या अन्य कार्य सीखने के लिए उम्र आड़े नहीं आती है। खेल प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका ब्र.कु. शशि ने कहा कि संकल्प शक्ति को समर्थ बनाने से मन सदैव सकारात्मक सोच की दिशा में अभ्यस्त होने पर जीवन की कठिनतम चुनौतियों का सामना करना सुगम हो जाता है।

खेल प्रभाग के मुख्यालय संयोजक ब्र.कु. जगबीर ने प्रभाग की ओर से की जा रही सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि संकल्प शक्ति के महत्व को समझकर मेडिटेशन किया जाए तो शीघ्र ही कम समय में ज़्यादा परिणाम सामने आयेंगे।




सम्मेलन के दौरान मंचासीन हैं ब्र.कु. शशि, श्वेता राठौड़, कनकसिंह परमार, व्लादिमर इशविली, ब्र.कु. जगबीर व अन्य।

कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510. सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088,
Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info
सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 190 रुपये, तीन वर्ष 570 रुपये, आजीवन 4500 रुपये । विदेश - 2500 रुपये (वार्षिक) कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 13th May 2016
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।